Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding grant of ST status to certain communities of Assam

श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार) : चेयरमैन सर, थैंक-यू, आपने मुझे बोलने का मौका दिया ।

सर, मेरा असम के मेरे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण विषय है । कोच राजबंशी, आदिवासी, आहोम, मोरान, चुटिया और मोटक को एसटी का दर्जा देने के लिए असम सरकार द्वारा मंत्रियों के गुट के जरिए मॉडलिटी तैयार करके केंद्र सरकार को सिफारिश करना था । लेकिन अभी तक इन छः समुदायों का जनजातिकरण नहीं हुआ है ।

इन छः समुदायों के लोग वर्षों से यह मुद्दा उठाते रहे हैं, आंदोलन पर आंदोलन करते रहे हैं और प्रधान मंत्री सहित बीजेपी के लोगों द्वारा वादे पर वादे किए गए हैं ।

मेरा केंद्र सरकार और असम सरकार से आग्रह है कि इन छः समुदायों को इस शीतकालीन सत्र के दौरान जनजाति का दर्जा दे दिया जाए ।

सर, इसके साथ ही वहां की जो कालीता जनजाति है, वे लोग भी बहुत पहले से मुद्दा उठा रहे हैं । उनका भी एसटीकरण किया जाए । इसके साथ ही जो गोरखाली हैं, वे भी मांग कर रहे हैं ।

मेरा असम और यूनियन सरकार से यही आग्रह है कि इनको जल्द से जल्द जनजातिकरण के अधीन लाया जाए ।

थैंक-यू, सर ।